‘उड़ान 2021’ क्विज के विजेता बने जयकांतन आर

चर्चा में क्यों?

19 दिसिंबर, 2021 को सेल **(SAIL)** के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित ‘उड़ान: कॉर्पोरेट्स के लिये बिज़िनेस लीडरशिप क्विज’के ग्रैंड फिनाले में **TCS** के जयकांतन आर ने प्रथम पुरस्कार जीता।

प्रमुख बिंदु

- इसका आयोजन सेल, एमटीआई (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान) ने नेशनल एचआरडी नेटवर्क (एनएचआरडीएन), राँची चैप्टर के सहयोग से किया था।
- प्रतियोगिता का प्रारंभिक दौर 28 और 30 नवंबर, 2021 को, जोनल फाइनल 8, 9, 13 और 15 दिसिंबर, 2021 को तथा नेशनल ग्रैंड फिनाले 19 दिसिंबर की देर शाम को आयोजित किया गया था।
- 2011 से एमटीआई में आयोजित ‘उड़ान’को इस साल 360 से अधिक प्रतिभागियों को नामांकित करने वाले लगभग 50 कॉर्पोरेट घरानों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। यह कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया था।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी सक्षम सेवाओं, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा, विनिर्माण, इस्पात और खनन क्षेत्रों आदि के संगठनों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लिया।
- उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण क्षेत्रों में से प्रत्येक के शीर्ष छह स्कोरर ने जोनल फाइनल में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की।
- ‘उड़ान 2021’ के राष्ट्रीय विजेता टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज **(TCS)** के जयकांतन आर ने 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया, जिसे मेसर्स हेक्सागन द्वारा प्रायोजित किया गया था।
- नेशनल रनर-अप, अर्नेस्ट एंड यंग के आयुष अवस्थी ने 35,000 रुपए का नकद पुरस्कार जीता, जिसे मेसर्स एम डी इंडिया द्वारा प्रायोजित किया गया था।
- जोनल राउंड के विजेता और उपविजेता को क्रमश: 25,000 रुपए तथा 15,000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jayakantan-r-wins-udaan-2021-quiz